कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।
जल सारथी
फोन नं0–05882–297788
Email – jalnigam_plb@yahoo.in

पत्रांकः 3455 / पेपर कटिंग / 29 दिनांकः 21/08/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय : **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में शीर्षक ''जल जीवन मिशन से चुर्रासकतपुर की सड़कें बदहाल, ग्रामीण कर रहे मरम्मत की मांग, आवागमन में परेशानी'' से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में शीर्षक ''जल जीवन मिशन से चुर्रासकतपुर की सड़कें बदहाल, ग्रामीण कर रहे मरम्मत की मांग, आवागमन में परेशानी'' से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– बीसलपुर की चुर्रासकतपुर पाइप पेयजल योजना का निर्माण ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत फर्म– मै० विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत वर्तमान तक शिरोपरि जलाशय(350किली0 / 14मी0), ट्यूबवैल, बाउन्ड्रीवॉल, पम्प हाउस व सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा ग्राम में 13.89 कि0मी0 प्रस्तावित पाइप लाईन के सापेक्ष 13.26 कि0मी0 बिछायी गयी है, 990 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 520 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है तथा पाइप लाईन बिछाने हेतु तोडी / काटी गयी 7.60 कि0मी0 सड़क के सापेक्ष 6.48 कि0मी0 सड़क का पुर्नस्थापना कार्य कराया गया है। शेष सड़क को मिट्टी भराव कर मोटरबल करा दिया गया है एवं योजना के समस्त शेष कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत जनोपयोगी बनाया जाना दिया जाएगा।

प्रकाशित खबर में संलग्न फोटोग्राफ स्थल पर जलभराव एवं कीचड़ की स्थिति के संबंध में अवगत कराना है कि मौके पर जलभराव का मुख्य कारण नाली के माध्यम से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होना है, जिसका समाधान पंचायतीराज विभाग द्वारा किया जाना है। उक्त प्रकरण में इस कार्यालय से कोई भी कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

भवदीय

21.8.26
(योगेश कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0एवं दिनांकः उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि** :–

1. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर को अवशेष कार्य सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के माध्यम से तत्काल पूर्ण कराने हेतु।
2. परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज को उपरोक्त अवशेष कार्य तत्काल पूर्ण करने हेतु।

**अधिशासी अभियन्ता**

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), पीलीभीत।

जल सारथी

फोन नं0–05882–297788

Email – jalnigam_plb@yahoo.in


पत्रांकः 3455 / पेपर कटिंग / 29 दिनांकः 21/08/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय : **दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में शीर्षक ''जल जीवन मिशन से चुर्रासकतपुर की सड़कें बदहाल, ग्रामीण कर रहे मरम्मत की मांग, आवागमन में परेशानी'' से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में शीर्षक ''जल जीवन मिशन से चुर्रासकतपुर की सड़कें बदहाल, ग्रामीण कर रहे मरम्मत की मांग, आवागमन में परेशानी'' से प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– बीसलपुर की चुर्रासकतपुर पाइप पेयजल योजना का निर्माण ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत फर्म– मै० विश्वराज इनवायरमेन्ट लि0, नागपुर द्वारा कराया जा रहा है। योजनान्तर्गत वर्तमान तक शिरोपरि जलाशय(350किली0 / 14मी0), ट्यूबवैल, बाउन्ड्रीवॉल, पम्प हाउस व सोलर अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा ग्राम में 13.89 कि0मी0 प्रस्तावित पाइप लाईन के सापेक्ष 13.26 कि0मी0 बिछायी गयी है, 990 नग गृह संयोजन के सापेक्ष 520 नग गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है तथा पाइप लाईन बिछाने हेतु तोडी / काटी गयी 7.60 कि0मी0 सड़क के सापेक्ष 6.48 कि0मी0 सड़क का पुर्नस्थापना कार्य कराया गया है। शेष सड़क को मिट्टी भराव कर मोटरबल करा दिया गया है एवं योजना के समस्त शेष कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराकर शत–प्रतिशत जनोपयोगी बनाया जाना दिया जाएगा।

प्रकाशित खबर में संलग्न फोटोग्राफ स्थल पर जलभराव एवं कीचड़ की स्थिति के संबंध में अवगत कराना है कि मौके पर जलभराव का मुख्य कारण नाली के माध्यम से जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होना है, जिसका समाधान पंचायतीराज विभाग द्वारा किया जाना है। उक्त प्रकरण में इस कार्यालय से कोई भी कार्यवाही अपेक्षित नहीं है।

भवदीय

(योगेश कुमार)
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृ0सं0एवं दिनांकःउपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि** :–

1. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर को अवशेष कार्य सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के माध्यम से तत्काल पूर्ण कराने हेतु।
2. परियोजना प्रबन्धक, मै0 विश्वराज को उपरोक्त अवशेष कार्य तत्काल पूर्ण करने हेतु।

21.8.26

अधिशासी अभियन्ता

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → +Follow us

# जल जीवन मिशन से चुर्रा सकतपुर की सड़कें बदहाल: ग्रामीण कर रहे मरम्मत की मांग, आवागमन में परेशानी

संदीप मिश्रा | चुरासकतपुर(बीसलपुर), पीलीभीत
4 दिन पहले



चुर्रा सकतपुर की सड़कें बदहाल।

बीसलपुर के ग्राम चुर्रा सकतपुर में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद गांव की सड़कें बदहाल हो गई हैं। खोदाई के कारण सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो गई है।

गांव की मुख्य इंटरनल सीमेंट-कंक्रीट (आईसीसी) सड़क के साथ-साथ कई संपर्क और आंतरिक मार्ग भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों की खोदाई तो की गई, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद उनकी उचित मरम्मत नहीं कराई गई। इससे सड़कों पर मिट्टी, गिट्टी और गड्ढों की स्थिति बनी हुई है।

बारिश होने पर क्षतिग्रस्त मार्गों पर पानी और कीचड़ जमा हो जाता है, जिससे फिसलन बढ़ जाती है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को पैदल चलने में भी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के अनुसार, कई बार दोपहिया वाहन चालक भी गड्ढों और कीचड़ के कारण संतुलन खोने से दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचे हैं।



खराब सड़कों के कारण गांव में आवारा पशुओं की आवाजाही भी बढ़ गई है। जगह-जगह पशुओं के बैठने

आज का राशिफल मेष

मेष|Aries

पॉजिटिव- आज परिस्थितियां आपके पक्ष में रह सकती हैं। सकारात्मक और संतुलित सोच के साथ योजना बनाकर काम करेंगे तो कई जिम्मेदारियां आसानी से पूरी होंगी। किसी निजी परेशानी में घर

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन के तहत पेयजल सुविधा के लिए किए गए कार्य का स्वागत किया है। हालांकि, उनका कहना है कि विकास कार्य के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों को पहले की स्थिति में लाना संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित जल विभाग के अधिकारियों से गांव का स्थलीय निरीक्षण कर सभी क्षतिग्रस्त मार्गों की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो बरसात के बाद स्थिति और खराब हो सकती है।

दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →

+Follow us

## खबरें और भी हैं...

**पीलीभीत में आबादी के पास तेंदुआ दिखा: ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया**



पीलीभीत › शेयर

**रानी अवंतीबाई लोधी जयंती पर भव्य समारोह: युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया**



पीलीभीत › शेयर

**महिला ने प्रेमी को मारकर शव ट्रक में जलाया: पीलीभीत में**



Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com
Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved
This website follows the DNPA Code of Ethics.